# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 22/06/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Amar Ujala, Prayagraj, (UP)**





अमर उजाला की ओर से सिविल लाइंस में आयोजित रैली में शामिल आरएएफ के अधिकारी और जवान, आईटीबीपी के अधिकारी और जवान, एनसीसी के अधिकारी और कैडेट्स और नर्सिंग के छात्र- छात्राएं और स्काउट गाइड। अमर उजाला

# हर आंगन योग के लिए जज्बे और जोश का सैलाब

## अमर उजाला संग आईटीबीपी, आरएएफ, एनसीसी, स्काउट गाइड्स के अलावा पैरा मेडिकल के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली से दिया संदेश

अमर उजाला ब्यूरो





रैली को रवाना करते आरएएफ के सेनानायक मनोज कुमार गौतम, आईटीबीपी के प्रभारी प्रवीण चंद्र दास, एनसीसी की प्रशासनिक अधिकारी मेजर डॉ. फराह दीबा और रैली में शामिल छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

प्रयागराज। हर आंगन योग थीम को साकार करने के लिए अमर उजाला संग मंगलवार की सुबह अर्धसैनिक बलों के जवान भी निकले और एनसीसी के कैडेट्स भी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पहले निकाली गई इस योग जागरूकता रैली में छात्रों-युवाओं का भी कारवां जोश से निकला। तरह-तरह के संदेशपरक स्लोगन वाले झंडे-बैनर के साथ योगी जीवन, निरोगी काया का संदेश दिया गया।

सिविल लाइंस में पत्थर गिरजाघर के पास आरएएफ के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम, आईटीबीपी के प्रभारी कमांडेंट प्रवीण चंद्र दास, एनसीसी 6 बटालियन की प्रशासनिक अधिकारी मेजर डॉ. फराह दीबा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इसी के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी उद्घोष के साथ रैली उल्लास के माहौल में रवाना हुई।

सबसे आगे एनसीसी की गर्ल्स विंग की कैडेट्स हर आंगन योग और वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देने वाले बैनर के साथ चल रही थीं। इनके साथ स्काउट गाइड्स ध्वज वाहक बने हुए थे। इंडो तिब्बत बार्डर पुलिस (आईटीबीपी) की 18वीं बटालियन के जवानों के साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स की 101वीं बटालियन के जवान 'योग भगाए रोग' का संदेश देते चल रहे थे।

झंडे, पोस्टरों के साथ रैली पत्थर गिरजाघर से सुभाष चौराहा, आयकर चौराहा, हनुमत निकेतन चौराहा होते हुए उसी रास्ते से पत्थर गिरजाघर पर पहुंची। इस रैली में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के नर्सिंग छात्र-छात्राओं के साथ ही शहर के तमाम नागरिक और युवा भी शामिल रहे।

इससे पहले यातायात पुलिस की ओर से रैली में उमड़े सैलाब को देखते हुए रूट को वन वे कर दिया गया था। रास्ते भर भारत माता की जय, योग करो रहो निरोग के जयकारे गूंजते रहे।

**Amar Ujala, Prayagraj, (UP)**



इलाहाबाद विश्वविद्यालय सीनेट हॉल के सामने आरएएफ की ओर से आयोजित योग शिविर में भाग लेते अधिकारी और जवान। अमर उजाला

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल के सामने आरएएफ के जवानों ने किया अनुलोम-विलोम

प्रयागराज। हर आंगन योग थीम को साकार करने के लिए मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल के सामने योगाभ्यास किया। कमांडेंट मनोज कुमार गौतम की मौजूदगी में सैकड़ों जवानों को आसन, ध्यान और प्राणायाम योग गुरु विक्रांत ने कराया। इस मौके पर उप कमांडेंट विनोद कुमार, उप कमांडेंट बृजेश कुमार दुबे, प्रदीप कुमार, अरुण कुमार समेत कई अधिकारियों ने कपाल भाति, मयूर आसन, मत्स्य आसन किया। ब्यूरो

# आरएएफ 100 बटालियन के कैम्प परिसर में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया



योग, मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग के विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ मिलता है। योग की कला का जश्न मनाने के लिए एक विशेष दिन की स्थापना का विचार भारतवर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रस्तावित किया था। इस पहल के माध्यम से भारतीय प्रधान मंत्री हमारे पूर्वजों द्वारा दिए गए इस अनोखे उपहार को प्रकाश में लाना चाहते थे। उन्होंने सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने भाषण के दौरान इस सुझाव का प्रस्ताव दिया था। अपने संयुक्त राष्ट्र के संबोधन में उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि योग दिवस 21 जून को मनाया जाना चाहिए क्योंकि यह वर्ष का सबसे लंबा दिन है।

यूएनजीए के सदस्यों ने मोदी द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया और जल्द ही इसके लिए सकारात्मक मंजूरी दे दी। 21 जून 2015 का दिन पहले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन भारत में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और कई अन्य राजनीतिक नेताओं ने राजपथ पर उत्साह के साथ यह दिन मनाया। तब से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल बहुत उत्साह से मनाया जाता है।

आज दिनांक 21/06/2023 को प्रातःकाल 100वीं वाहिनी, द्रुत कार्य बल के कैम्पस, वस्त्राल, अहमदाबाद के समस्त अधिकारियों एवं जवानों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों ने पंतजलि योगपीठ एवं गुजरात स्टेट योगा बोर्ड के संयुक्त सहयोग से योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में अधिकारियों एवं जवानों ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से सदैव तंदुरूस्त रहें, इस आशय के साथ 100 वाहिनी द्रुत कार्य बल के कैम्प परिसर में योगाभ्यास शिविर के आयोजन में शामिल हुए। उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों एवं परिवार के सदस्यों ने विभिन्न प्राणायाम एवं योगाभ्यास करते हुए आम नागरिकों को आज के दौर की व्यस्त जीवनशैली, खान-पान एव वातावरण के परिदृश्य के दृष्टिगत योग व प्राणायामों के माध्यम से स्वस्थ, तंदुरस्थ एवं तनावमुक्त रखने का संदेश दिया।

इस अवसर पर गोविन्द प्रसाद उनियाल, कमाण्डेंट, 100 वाहिनी द्रुत कार्य बल के दिशा-निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी समीर कुमार राव एवं विपुल कुमार मिश्रा, के साथ अन्य अधिकारिगण को 09वी. अंतराष्टीय योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समीर कुमार राव, (द्वितीय कमान अधिकारी) ने बताया कि जवान हमेशा पी.टी. परेड एवं शारीरिक श्रम तो करते है, पर कभी-कभी तनाव अनुभव करते है एवं मानसिक चिंतन करते है, योग उन्हें तनावमुक्त, सकारात्मक तथा उर्जावान बनाए रखने में सहायता करता है। योग सदैव स्वस्थ चित्त एवं तंदुरूस्त बनाए रखता है, जिससे जवान कठिन परिस्थितियों में पेशेवर ड्यूटी का सही रूप से निर्वहन कर सकें और अपने कत्तर्व्य के प्रति हमेशा सचेत व सजग रह सकें पंतजलि योगपीठ व गुजरात स्टेट योगा बोर्ड से पधारे योगगुरू शरद भाई, पापल बेन, दिप्ती एवं श्रीमती प्रिया बेन ने बारी-बारी से आज के दौर की व्यस्त जीवनशैली, खान-पान एव वातावरण के परिदृश्य में योग के महत्तव पर प्रकाश डाला एवं प्रत्येकजन के लिए योग को दिनचर्या में जरूरी बताया । 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्राचीन भारतीय कला के लिए एक अनुष्ठान है। हमारे दैनिक जीवन में योग को जन्म देने से हमारे जीवन में सकारात्मक परिर्वतन आ सकता है। यह हमारे तनावपूर्ण जीवन के लिए एक बड़ी राहत प्रदान करता है।

Rohtak Jagran, Nuh, (Haryana)

# आरएएफ ने पुलिस के साथ सदर थाना के इलाकों में निकाला मार्च

**जागरण संवाददाता, रोहतक** : जिले में आरएएफ ने पुलिस के साथ मिलकर सोमवार को भी फ्लैग मार्च किया। सोमवार को आरएएफ की टुकड़ी ने सदर थाना एरिया में पुलिस बल के साथ एरिया में जाकर जानकारी हासिल की।

इसके अलावा सोमवार को पुलिस लाइन के कम्यूनिटी सेंटर में आरएएफ और पुलिस की ओर से हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में आरएएफ और पुलिस ने एक दूसरे के आधुनिक हथियारों के बारे में जानकारी हासिल की। रैपिड एक्शन फोर्स की सी 194 बटालियन के सहायक कमांडेंट राजीव कुमार ने बताया कि जिले में आरएएफ की मौजूदगी लोगों को भयमुक्त करने के लिए है। इसके अलावा आरएएफ यहां रहते हुए नारी सशक्तीकरण और सामाजिक सोहार्द के अन्य प्रकल्प भी पूरे कर रही है। सदर थाना पुलिस टीम के साथ कई इलाकों में जाकर वहां की भौगोलिक परिस्थिति व अन्य जानकारियों का अध्ययन किया। इस दौरान आरएएफ के निरीक्षक राजबीर सिंह, निरीक्षक राकेश, निरीक्षक कुलदीप, सदर थाना कार्यवाहक प्रभारी एसआइ रामनिवास व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।